राष्ट्रीय तीरंदाजी प्रतियोगिता में पदक विजेताओं का किया जोरदार स्वागत

जागरण संवाददाता, भिवानी : मिनी क्यूबा भिवानी के खिलाड़ी तीरंदाजी में भी अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा रहे हैं। रांची में रूरल गेम्स आरगेनाइजेशन आफ इंडिया के तत्वाधान में 25 और 26 दिसंबर को हुई राष्ट्रीय प्रतियोगिता में भिवानी की दो लड़कियों समेत 6 खिलाड़ियों ने 4 गोल्ड और 2 रजत जीत कर प्रदेश का नाम रोशन किया है। खेल प्रेमियों ने खूब नाच गाना किया और गुलाल उड़ाया। रेलवे स्टेशन से मुख्य बाजारों से होते हुए विजय जुलूस बावड़ी गेट संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पहुंचा और पूजा अर्चना की।

शुक्रवार को जैसे ही पदक विजेता भिवानी रेलवे जंक्शन पर पहुंचे खेल प्रेमी जैसे उनका पलकें बिछाए इंतजार कर रहे थे। विजेताओं को फूल मालाओं से लाद दिया गया। मिनी क्यूबा भिवानी के इन खिलाड़ियों ने रांची में शानदार प्रदर्शन किया। पदक विजेताओं में अंडर 14 आयु वर्ग में तमन्ना ने गोल्ड, अंडर 1[illegible] में उषा ने गोल्ड, अंडर 17 में श्यामसुंदर ने गोल्ड, इसी आयु वर्ग में अमन ने गोल्ड, अंडर 14 आयु वर्ग में दीपांशु और रोहित ने रजत पदक जीत कर लौटे खिलाड़ी अपनी उपलब्धि पर गदगद नजर आए।

विजेताओं को रेलवे स्टेशन से मुख्य बाजारों में खुले वाहन में घुमाया : खेल प्रेमी पदक विजेताओं को खुले वाहन में बैठा कर रेलवे जंक्शन से दिनोद गेट, हनुमान गेट, दादरी गेट होते हुए डीजे के संगीत पर नाच गाना करते हुए बावड़ी स्थित संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पहुंचे। वहां भी खेल प्रेमियों ने जमकर रंग गुलाल उड़ाया और नाच गाना किया। विजेताओं को सब बधाई दे रहे थे।

तीरंदाजी में गोल्ड जीत कर लौटी तमन्ना की दादी प्रेम देवी और मां भावना की खुशी देखते ही बन रही थी। बेटी को आशीर्वाद देते हुए [illegible] दादी और उसकी मां बोली बेटी ने निहाल कर दिया।

नेशनल तीरंदाजी में पदक विजेताओं का स्वागत करते खेल प्रेमी।

नेशनल तीरंदाजी में पदक विजेताओं का स्वागत करते खेल प्रेमी।

मंदिर पहुंच कर भी किया स्वागत

संत शिरोमणि गुरु रविदास मंदिर पहुंचने के बाद श्रीगुरु रविदास समाज कल्याण समिति के प्रधान एडवोकेट रोशनलाल के अलावा विजय सिहमार, पवन कुमार, कृष्णा देवी, सुमन देवी, कमल सिंह, कमल सिंह, कलीराम, सुरेंद्र सिंह, रमेश, शमशेर, जितेंद्र, राहुल, राजेश, सोनू आदि प्रमुख रूप से शामिल रहे।

रांची में तीरंदाजी खेल में पदक जीत पाया सम्मान

कोच हेमंत ने बताया कि भिवानी के खिलाड़ियों ने रांच में शानदार खेल का प्रदर्शन किया है। ये खिलाड़ी नियमित रूप से तीरंदाजी का अभ्यास कर रहे है। इन खिलाड़ियों का भविष्य उज्जवल है।